भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 2992

उत्तर देने की तारीख : 06.08.2026

राजस्थान के सीमावर्ती जिलों में एमएसई

2992. श्री उम्मेदा राम बेनीवालः

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) राजस्थान के बाड़मेर जिले में उद्यम पंजीकरण पोर्टल के अंतर्गत औपचारिक रूप से पंजीकृत सूक्ष्म और लघु उद्यमों (एमएसई) की संख्या कितनी है; और

(ख) क्या सरकार ने राज्य के रेगिस्तानी और सीमावर्ती जिलों में पंजीकृत और अपंजीकृत उद्यमों के बीच अंतर का आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा करांदलाजे)

(क) : राजस्थान के बाड़मेर जिले में, दिनांक 31.07.2026 की स्थिति के अनुसार, उद्यम पंजीकरण पोर्टल (यूआरपी) और उद्यम असिस्ट प्लेटफॉर्म (यूएपी) पर पंजीकृत सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) की संख्या **1,13,577** है।

(ख) : एमएसएमई हेतु पंजीकरण की सुविधा प्रदान करने के लिए एमएसएमई मंत्रालय ने दिनांक 01.07.2020 को यूआरपी और दिनांक 11.01.2023 को यूएपी की शुरुआत की। दिनांक 31.07.2026 की स्थिति के अनुसार, बाड़मेर, बीकानेर, जैसलमेर और श्रीगंगानगर सहित राजस्थान के सीमावर्ती जिलों में यूआरपी और यूएपी पर पंजीकृत एमएसएमई की संख्या **5,27,545** हैं।